तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025

14 मंगचुवा में श्रद्धा व उल्लास के साथ मना शक्ति दिवस



13 कलयुग में दुर्गुणों से बचने का सिर्फ कृष्ण नाम है ...





## खबर संक्षेप

### जयंती समारोह व मड़ई मेले 28 को, पूर्व सीएम बघेल होंगे शामिल



**बालोद/कलंगपुर।** सतनामी समाज एवं समस्त ग्रामवासी भटगांव के तत्वाधान में 28 दिसंबर रविवार को संतशिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती समारोह एवं ग्राम में मंडाई मेला का आयोजन रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं महापौर भिलाई चरौदा निर्मल कोसरे उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर करेंगी। विशेष अतिथि में अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद संजय बारले, नीलकंठ टंडन, पवन जोशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, समाज सेवी जसवंत सिन्हा, जनपद सदस्य रामेश्वर चन्द्राकर, सरपंच भटगांव भारती साहू उपस्थित रहेंगे। गुरु घासीदास बाबा की जयंती एवं मंडाई के उपलक्ष्य में रात्रिकालीन कार्यक्रम चम्पा बसंत नाच पार्टी की प्रस्तुति रखी गई है।

### चार दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन

**गुरूर।** सुभाष क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी पेंवरो के तत्वाधान में 28 से 31 दिसम्बर तक चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कृष्णकांत यादव ने बताया कि 31 दिसम्बर को क्रिकेट समापन के बाद रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर मयारु संगी टेडेसरा (राजनांदगांव) का कार्यक्रम आयोजित की गई है।

### मोहंदी पाठ में हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज

**बालोद/निकुम।** विकासखण्ड गुण्डरदेही के ग्राम मोहंदी पाठ में हिंदू सम्मलेन समिति मोहंदीपाठ के तत्वाधान में 27 दिसम्बर को सुबह 10 बजे बजे 27 गांव के हजारों ग्रामीण, युवा वर्ग जुटेंगे। वही संयोजक गविंद्र नाथ साहू ने बताया कि पूरी तैयारी व रूप रेखा बन गई है।

### सेन समाज की आठों इकाइयों का चुनाव निर्विरोध संपन्न

**गुरूर।** सर्व सेन समाज गुरुर का आठो ईकाई का चुनाव निर्विरोध निर्वाचन हुआ हैं। जिसका सम्मान समारोह एवं शपथग्रहण 27 दिसंबर को सेन भवन गुरुर मे आयोजित की गई है। यह जानकारी सचिव नारायण सेन एवं महामंत्री कमलेश सेन ने दी है।

### चिट्टा तस्करी करने वाले तीन पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** चिट्टा तस्करी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मोहन नगर थाना क्षेत्र से खुर्सीपार निवासी .धनश्याम कौशिक ,रोशन साव,वैशाली नगर कैम्प 1 एमडी सरफराज खान को चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# अरकार में ग्रीष्मकालीन धान की जगह दलहन-तिलहन की खेती बनी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरकार अब ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य दलहनी–तिलहनी फसल लेकर खेती के नये स्वरूप के लिए मिसाल बन रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि ग्राम अरकार का भौगोलिक क्षेत्रफल 918.71 हेक्टेयर है, जिसमें से लगभग 698.38 हेक्टेयर भूमि में कृषि कार्य किया जाता है।

जिसमें विगत 50 वर्षों से ग्रीष्मकालीन धान फसल लिया जा रहा था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में कृषकों द्वारा 25 हेक्टेयर में दलहन–तिलहन का फसल लिया था, इस वर्ष 16 कृषकों द्वारा 60 हेक्टेयर में ग्रीष्मकालीन धान के बदले गेंहू, चना, बटरी, कुसुम, सरसो, धनिया एवं साग सब्जी फसल ले रहे है। इस तरह इस वर्ष गतवर्ष की तुलना में 35 हेक्टेयर में धान के बदले अन्य फसल लेने में वृद्धि हुई है। इस प्रकार ग्राम अरकार के कृषकों द्वारा फसल चक्र परिवर्तन कर जल संरक्षण पर जोर देकर ग्रीष्मकाल में पेयजल सुरक्षित करने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे है। कृषकों द्वारा उपार्जित दलहन–तिलहन फसलों की खरीदी हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम आशा) अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत अधिसूचित खरीफ एवं रबी दलहनी–तिलहनी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी हेतु जिले में 18 उपार्जन केन्द्रों का चयन किया गया है जहाँ कृषक अपने दलहनी–तिलहनी फसलों का विक्रय कर सकतें है।

## दलहनी-तिलहनी फसलों की खरीदी के लिए जिले में 18 उपार्जन केंद्र



### जल संकट बढ़ा, गुरुर क्रिटिकल जोन में

गुरुर विकासखण्ड में भूमिगत जल का अत्याधिक दोहन होने के कारण जल संकट बढ़ा है, जिससे विकासखण्ड गुरुर क्रिटिकल जोन में है। यहाँ ग्रीष्मकाल में पेयजल के लिए कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के प्रयासों से इस वर्ष ग्राम अरकार के कृषकों के मध्य जल संरक्षण एवं जन भागीदारी व फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में कृषक चौपाल भी आयोजित किया जा रहा है। जिसमें किसानों को ग्रीष्मकालीन फसल धान के बदले अन्य फसल गेंहू, मक्का, चना, कुसुम सरसों अन्य दलहनी तिलहनी फसलों के विस्तार हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके साथ ही कृषकों को कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित भी किया जा रहा है।

## समस्या : पंचायत ने दिया पानी टंकी तोड़ने का प्रस्ताव

# आनंदपुर की घटिया टंकी से बह रहा झरना, ठेकेदार-प्रशासन मौन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जल जीवन मिशन अंतर्गत बनी पानी टंकी झरने की तरह बहती है। बार बार मरम्मत के लिए कहने के बाद भी जब मरम्मत नही हुआ तो ग्राम पंचायत ने पानी टंकी को तोड़ने का प्रस्ताव कर दिया। अब बिना उपयोग के ही पानी टंकी को तोड़ने की तैयारी की जा रही है। ठेकेदार ने योजना के तहत बोर खनन भी नही कराया। पंचायत के पुराने बोर मे ही मोटर फीट कर दिया हैं।

- गुणवत्ताहीन निर्माण से ग्रामीण परेशान

मामला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आनंदपुर का है। यहां जल जीवन मिशन अंतर्गत 117.32 लाख रूपये स्वीकृत हुए थे। सूचना बोर्ड के अनुसार कार्य एजेंसी स्वास्तिक इन्फो है। 23 मार्च 2022 को कार्य आदेश जारी हुआ, 9 माह मे पूर्ण करना था, लेकिन ढ़ाई साल बाद भी कार्य अधूरा है। योजना के तहत बनी पानी टंकी गुणवत्ताहीन है। पानी टंकी बनने के बाद एक बार उसमे पानी भरा गया तो पूरी टंकी से चारो ओर से झरने की तरह पानी निकलने लगा। ▶▶| शेष पेज 12 पर



### ठेकेदार ने ट्यूबवेल खनन नहीं कराया : उमेश्वरी साहू

सचिव उमेश्वरी साहू ने बताया कि ठेकेदार ने ट्यूबवेल खनन नही कराया है। पंचायत के बोर मे ही मोटर डाल दिया है। गली का सीमेंटीकरण को पाईप लाईन के लिए तोड़ा गया उसकी मरम्मत जरूर हुई लेकिन गुणवत्ताहीन निर्माण से वह चंद दिनो में टूट गई अब ग्रामीण परेशान हो रहे है। पानी टंकी के पास पंप हाउस भी अधुरा है ठेकेदार भी अब नही आता आरंभ में एक बार उसने पूर्व पंचायत मे पूर्णता प्रमाण पत्र लेने का प्रयास किया था लेकिन तात्कालीक सरपंच ने मना कर दिया था।

### ठेकेदार द्वारा मरम्मत के लिए ध्यान नहीं दिया गया: जपं अध्यक्ष

मामले में तत्कालीन सरपंच व वर्तमान जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कहा मेरे कार्यकाल मे पानी टंकी की टेस्टिंग हुई थी। टंकी के चारो ओर से झरने की तरह पानी बह रहा था। ठेकेदार द्वारा मरम्मत के लिए ध्यान नही देने पर पंचायत ने पानी टंकी तोड़ने का प्रस्ताव किया है। वर्तमान सरपंच तेजराम साहू ने कहा पानी टंकी गुणवत्ताहीन होने से हम मोटर से सीधे पानी दे रहे है। हमने सुशासन त्यौहार में पीएचई को व अन्य प्रमुखों को पत्र लिखे है लेकिन कही सुनवाई नही हो रही है। उपसरपंच मुकेश साहू, पंच मनोज कुमार साहू, ग्रामीण संतोश कुमार साहू ने कहा ग्रामीण पेयजल को लेकर ग्रामीण परेशान है।

# अकतई में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर ग्राम पंचायत भवन अकतई आयुष्मान भारत आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष रानीतराई, आयुष विभाग, स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता निःशुल्क शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में रखा गया। जिसमें बीपी, शुगर जांच एवं अन्य जांच करके निःशुल्क दवाईयो का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत के लगभग 49 लोगों ने शिविर में आकर जांच कराया और निःशुल्क दवाई प्राप्त किया। जिसमें आयुष विज्ञान स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर नेम वर्मा और उनके सहयोगी पंकज एवं उनके साथी कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीण नागरिक सरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम निषाद, उपसरपंच दीपा मारकंडे एवं पंच मनोज ठाकुर, बुधियारीन बाई ठाकुर, योगेश ठाकुर, अलख मारकंडे, सुनील बम्बोडे, दिनेश चंद्राकर, युवराज साहू का सराहनीय सहयोग रहा।

- ग्रामवासियों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच का लिया लाभ
- सरपंच प्रतिनिधि ने स्वस्थ जीवन की अपनाई राह पर दिया जोर

### प्रकृति अनुरूप जीवन चर्या अपनाए स्वस्थ रहे मस्त रहेः निषाद

सरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम निषाद ने करकार आमजनता के स्वास्थ को लेकर काफी सजग है जिसके चलते गांव में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने स्वास्थ शिविर का लाभ लिया। निषाद ने कहा कि ग्रामीण भी अपनी स्वास्थ के प्रति सजग रहे क्योंकि स्वास्थ धन सबसे बड़ा धन है। गांव में शुद्ध हवा पानी सब्जी सात्विक भोजन मिलता है शरीर स्वस्थ रखने के लिए प्रकृति अनुकूल जीवन कार्य अपनाए।

## सशिमं में वार्षिकोत्सव व छात्र सम्मान समारोह का आयोजन



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय अरमरीकला द्वारा वार्शिक उत्सव एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर थी। अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति कृशि स्थायी समिति जनपद पंचायत गुरूर नरेश मदन साहू व संध्या अजेन्द्र साहु, संजय साहु, सरपंच ग्राम पंचायत अरमरीकला घनेन्द्र साहू उपस्थित थे।

# बालोद में कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों का किया सघन निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन के महत्वाकांक्षी धान खरीदी योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को बालोद जिले में सफलतापूर्वक एवं बिना किसी अवरोध के निर्बाध रूप से संपन्न कराने हेतु कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा जिले के सभी विकासखण्डों के धान खरीदी केन्द्रों का निरंतर सघन दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रही हैं। जिससे की वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के अनुसार शत प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित होने के साथ–साथ धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके अंतर्गत आज कलेक्टर ▶▶| शेष पेज 12 पर

- किसानों को परेशानी मुक्त धान बिक्री सुनिश्चित करने के दिए निर्देश





### बारदानों की ठीक से सत्यापन नहीं होने पर वी नाराजगी

निरीक्षण के दौरान कुछ बारदानों की स्थिति ठीक नही पाए जाने तथा बारदानों की ठीक से सत्यापन नही कराने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। इस कार्य के लिए उन्होंने समिति प्रबंधक की जिम्मेदारी तय करते हुए धान खरीदी केन्द्र मोखा के समिति प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र धनेली के निरीक्षण के दौरान अपने धान की बिक्री करने पहुँचे किसान विद्यादेवी से बातचीत की। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र धनेली में पहले टोकन से धान बेचने के उपरांत दूसरे टोकन से बिक्री के लिए धान लाने वाले किसान रामनारायण से बातचीत की। उन्होंने निगरानी दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों को पहले टोकन में धान बिक्री के उपरांत धान बिक्री के लिए दूसरे एवं तीसरे टोकन कटाने वाले किसानों के घरों में पहुँचकर उपलब्ध धान का अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए।

### रकबा समर्पण अभियान चलाने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित एसडीएम आरके सोनकर से रकबा समर्पण के कार्य को अभियान चलाकर पूरा करने को कहा। धान खरीदी केन्द्र नारागांव में किसानों ने धान खरीदी केन्द्र तक पहुँच मार्ग, शौचालय निर्माण तथा अधोसंरचना से जुड़े चीजों की पूर्ति करने की मांग की। कलेक्टर ने किसानों को उनके मांगों को पूरा करने हेतु समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया एवं मौके पर उपस्थित एसडीएम सोनकर को इसके लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पर्यवेक्षक को धान खरीदी केन्द्र हितेकसा एवं नारागांव का नियमित निरीक्षण कर इन केन्द्रों में धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

## अटल के प्रेरक व्यक्तित्व और कृतित्व को नेताओं ने किया याद

# अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर भाजपा कार्यालय में हुई पुष्पांजलि सभा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय जुंगेरा में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ नेताओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल जी के प्रेरणादायी व्यक्तित्व, उनके सुशासन, काव्य प्रतिभा और भारत की एकता–अखंडता के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

- छत्तीसगढ़ निर्माण में उनके योगदान को किया याद

वक्ताओं ने कहा छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में अटल जी की ऐतिहासिक भूमिका देश और प्रदेश की स्मृतियों में सदैव अमर रहेगी। प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना कर विकास की नई दिशा निर्धारित की थी। आज छत्तीसगढ़ उनके दिखाए मार्ग पर अग्रसर है। प्रदेश अपने रजत जयंती वर्ष में नए संकल्प और आत्मविश्वास के साथ प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नवीन विधानसभा परिसर में अटल जी की प्रतिमा का अनावरण उनके प्रति राष्ट्रीय कृतज्ञता का प्रतीक है। अटल जी के कालखंड में जनजातीय समाज के सर्वांगीण उत्थान की मजबूत नींव पड़ी थीएम जनमन योजना तथा धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना जैसी पहलों से समस्त जनजाति बहुल क्षेत्रें में व्यापक विकास हो रहा है। अटल जी का जीवन सादगी, समर्पण राष्ट्र सेवा का अनुपम उदाहरण है। वे केवल राजनेता नहीं थे, बल्कि करोड़ों भारतियों की भावनाओं के प्रतीक और प्रेरणास्त्रोत थे।

**इन्होंने रखे अपने विचारः** इस दौरान प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पवन साहू, कृष्णकांत पवार, महामंत्री राकेश छोटू यादव, जिला प्रवक्ता जितेंद्र साहू, प्रेम साहू, निशा योगी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, लोकेश श्रीवास्तव, कार्यालय मंत्री विनोद जैन, मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, पंकज चौधरी, संजय सानू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मोना टुवानी, पार्षद दीपक लोढ़ा, प्रीतम यादव, अखिलेश तिवारी, नितेश वर्मा, संजय शर्मा, महेश पाठक, वीरेंद्र साहू, दिव्या बजाज, फिरोज खान, दयाल बघेल, मनोहर साहू सहित कार्यकर्ताओं ने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार रखे।

# आमटी में संपन्न हुआ राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



ग्राम पंचायत आमटी में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाई गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर एवं आजीवन अपंगता फैलाने वाली बीमारी से सुरक्षित रखना है।

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई तथा अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पोलियो उन्मूलन के लिए यह अभियान अत्यंत आवश्यक है और प्रत्येक बच्चे को हर राउंड में पोलियो की दवा पिलाना अनिवार्य है। अभियान के दौरान ग्रामवासियों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया, जिससे कार्यक्रम को सफल बनाया जा सका। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपील की गई कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे। सभी अभिभावक समय पर अपने बच्चों को पोलियो बूथ तक लाकर दवा पिलाएं, ताकि पोलियो मुक्त भारत के सरकार के संकल्प को साकार किया जा सके। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ▶▶| शेष पेज 12 पर

# सुशासन सप्ताह में आए 117 आवेदन, पट्टा, सड़क-नाली से लेकर स्वास्थ्य से जुड़ी शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत आदित्य नगर जोन कार्यालय में सुशासन सप्ताह प्रशासन शहर की ओर अभियान के तहत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं महात्मा गांधी के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, कुलेश्वर साहू,पार्षद सावित्री साहू, रंजीता पाटिल,जितेंद्र कुमार, युवराज कुंजम, गुलशन साहू, अरुण सिंह, कमल देवांगन, सुरुचि उमरे, मनीष कोठारी, गुड्डू यादव सहित उपायुक्त मोहेंद्र साहू उपस्थित रहे। शिविर में नागरिकों द्वारा कुल 117 आवेदन आए, जिनमें 102 मांग संबंधी आवेदन एवं 15 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए। मांग पत्रों में पट्टा, सड़क एवं नाली निर्माण प्रमुख रहे, जबकि शिकायतों में पानी आपूर्ति एवं अतिक्रमण से संबंधित प्रकरण शामिल थे। सभी आवेदनों को त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया।शिविर के दौरान महापौर अलका बाघमार ने शिविर में पहुंचे हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और आयुक्त को आवश्यक निर्देश दिए।

**महापौर अलका बाघमार ने आए आवेदनों का तत्काल निराकरण करने के दिए निर्देश**

### हेल्थ कैम्प में 74 से ज्यादा मरीजों की जांच, लैब टेस्ट किया, दवा भी बांटी

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को विभागीय प्राथमिकता के साथ निराकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा अनुसार जनसमस्याओं के समाधान हेतु इस प्रकार के समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य सेवाओं से जुड़े प्रकरण शामिल किए गए। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 74 मरीजों का उपचार किया गया। 18 मरीजों के लैब टेस्ट, 43 हितग्राहियों को निशुल्क दवा प्रदान की गई।



### सरकारी योजनाओं का दिलाया लाभ, लिए गए आवेदन

शिविर में सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया गया। इसके लिए आवेदन भी लिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), जिला स्वास्थ्य समिति, पशुधन विकास विभाग, विद्युत विभाग, पंजीयन काउंटर, ट्रेड लाइसेंस, पेंशन शाखा, संपत्ति शाखा, एकीकृत बाल विकास परियोजना, आयुष विभाग, श्रम विभाग, आधार कार्ड एवं आबकारी विभाग के स्टॉल लगाए गए। अधिकारियों ने बताया कि सुशासन को लेकर हफ्तेभर शिविर लगाए जाएंगे। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर विभागीय प्रमुख और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### किसान दिवस पर दी गई रोजगार गारंटी की जानकारी

**दुर्ग।** कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा में 23 किसान दिवस पर जिले के किसानों के लिए कार्याशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। कृषि मंत्री ने विकसित भारत जी राम जी योजना की विस्तृत जानकारी दी। केन्द्र के प्रमुख डॉ. विजय जैन ने 125 दिन की रोजगार गारंटी, बेरोजगारी भत्ते के लिए बेहतर प्रावधान, समय पर मजदूरी का भुगतान और देरी होने पर मुआवजा की जानकारी किसानों को दी। मनीष कुमार वर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा किसानों को गेहूं व सरसों की उन्नत खेती की संपूर्ण विधि की जानकारी प्रदान की गई। डॉ. ईश्वरी कुमार साहू विषय वस्तु विशेषज्ञ ने रबी फसलों में चूहा नियंत्रण के तरीको से अवगत कराया। डॉ. विनय कुमार नायक विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा रबी फसलों की बीज बुआई हेतु मशीनों की समायोजन विधि के बारे में बताया गया। 75 से ज्यादा किसान उपस्थित रहे।

### महिला उद्यमियों की आत्मनिर्भरता की दिशा में दो दिवसीय प्रशिक्षण

**दुर्ग।** महिलाओं को स्वरोज़गार एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महिला उद्यम वित्त ऋण विषय पर आधारित एक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 22 एवं 23 दिसंबर 2025 को डीपीआरसी अंजोरा दुर्ग में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने एवं उसे आगे बढ़ाने के लिए उपलब्ध विभिन्न वित्तीय ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी महिलाओं को ऋण आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़, ऋण राशि, ब्याज दर, पुनर्भुगतान प्रक्रिया तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा बिज़नेस प्लान तैयार करने, बैंक से संपर्क स्थापित करने तथा वित्तीय प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना हेतु वित्तीय सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला में महिला उद्यम ऋण योजना, व्यवसाय प्रारंभ एवं विस्तार, परियोजना प्रतिवेदन निर्माण, बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं से ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

### वार्ड 31 में वर्षों से बदहाल बुनियादी सुविधाएं, गार्डन भी खंडहर में तब्दील

# मदर टेरेसा नगर में बदहाल सड़कें और पानी की किल्लत से वार्डवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*मदर टेरेसा नगर में बुनियादी सुविधाओं की हालत अब भी नहीं सुधरी है। यहां के लोग आज भी पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। कई इलाकों में नल सूखे रहते हैं। यहां सड़कें और नालियां भी बुरी तरह जर्जर हैं। करीब बीस साल पहले बनाई गई सड़कों पर अब बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। लोगों को आवागमन में परेशानी होती है और बारिश के दिनों में हालत और खराब हो जाती है।*


वार्ड 31 में पुरानी नालियों की दीवारें कई जगहों पर टूट चुकी हैं। सफाई के अभाव में शासकीय स्कूल के सामने सहित कई नालियां पूरी तरह जाम पड़ी हैं, जिससे आसपास मच्छर और बदबू की समस्या भी बढ़ रही है।


वार्ड परिक्रमा

वार्ड में स्टील नगर, आदर्श नगर, सुंदर नगर, एक्शन कमेटी और गणेश मंच क्षेत्र में कुल पांच सामुदायिक भवन हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक इनका संधारण की जरूरत है। वार्ड का एकमात्र गार्डन भी बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। गार्डन के पास कचरा डंपिंग की जा रही है। दिनभर यहां मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है।

**आयुक्त के निरीक्षण के बाद भी नहीं सुधरी गार्डन की व्यवस्था**







## वार्डवासियों का कहना कि वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव, निगम नहीं दे रहा ध्यान

### महीनों से बंद पार्क पर ताला, बच्चे खेलने से वंचित



वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर के निवासियों ने वार्ड के एकमात्र गार्डन की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि गार्डन कई दिनों से बंद पड़ा है और हमेशा ताला लगा रहता है, जिसके कारण बच्चों का खेलना और बुजुर्गों का टहलना पूरी तरह बंद हो गया है। वार्ड निवासी मीना कोसले और बॉबी देवी ने बताया कि इस गार्डन की देखरेख मां राज राजेश्वरी स्व सहायता समूह द्वारा की जा रही है, लेकिन रखरखाव की स्थिति संतोषजनक नहीं है। गार्डन की कई जगहों पर दीवार टूट चुकी है। फिसलपट्टी और झूले झाड़ियों और जंगल से घिरे पड़े हैं। खेलने वाले उपकरण जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। निवासियों का कहना है कि करीब एक माह पहले नगर निगम के आयुक्त स्वयं इस गार्डन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। गार्डन के संधारण और सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा हुई थी, लेकिन अब तक सुधारात्मक काम शुरू नहीं हो पाया। लोगों का कहना है कि वार्ड में यही एकमात्र गार्डन है, जहां बच्चे खेलते थे और सुबह शाम लोग टहलने आते थे। गार्डन बंद होने से सभी गतिविधियां ठप हो गई हैं। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम से जल्द मरम्मत, सफाई और गार्डन खोलने की मांग की है।

### नशेड़ियों का अड्डा बना पार्क, सुरक्षा के लिए बंद करना पड़ा



वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर के एकमात्र गार्डन की देखरेख कर रही मां राज राजेश्वरी स्व सहायता समूह की प्रतिमा बघेल ने बताया कि करीब पांच माह पहले गार्डन का जिम्मा सौंपा गया था, लेकिन यहां सुरक्षा और रखरखाव से जुड़ी कई बड़ी दिक्कतें बनी हुई हैं। प्रतिमा बघेल के अनुसार, गार्डन परिसर में दिनभर नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। सुबह से देर रात तक शराब, गांजा सेवन और संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत मिलती रहती है। इसी वजह से सुरक्षा के दृष्टि से गार्डन में ताला लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि ताला लगाए जाने के बाद भी कई लोग दीवार फांदकर अंदर घुस आते हैं। इससे गार्डन की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचता है और माहौल असुरक्षित बना रहता है। गार्डन में पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण लगाए गए पौधों को सिंचाई के समय परेशानी होती है। प्रतिमा बघेल ने पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है।

### पानी की भारी किल्लत, पाइप लाइन होने के बाद भी सूखे नल



वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर में पानी की समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है। कई इलाकों में पाइपलाइन तो बिछाई गई है, लेकिन नलों तक पानी नहीं पहुंच रहा। गणेश मंच के पास रहने वाली संगीता देवी ने बताया कि उनके गली में पाइपलाइन जरूर डाली गई है, लेकिन उसमें सालों से पानी नहीं आता। उन्होंने कहा कि घरों में पानी की आपूर्ति न होने के कारण लोगों को दूसरे मोहल्ले में जाकर पानी भरना पड़ता है। गर्मी के दिनों में स्थिति और ज्यादा खराब हो जाती है और लोग बूंद बूंद पानी के लिए परेशान हो जाते हैं। संगीता देवी ने बताया कि क्षेत्र में नाली मरम्मत की भी जरूरत है। नाली का लेवल नीचा होने के कारण बरसात के समय गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है। इस समस्या से जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं।

**50 लाख का प्रस्ताव**

गार्डन के संधारण और सौदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है, जो अभी भी पेंडिंग है। सामाजिक भवनों के संधारण के लिए भी निगम में बोला गया है। सड़क और नाली निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।
-**प्रियंका साहू**, पार्षद वार्ड 31 भिलाई

## पेंशनर्स के सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों को दें महत्व : आचार्य शर्मा



**दुर्ग।** पेंशन दिवस को कभी नहीं भुलाया जा सकता। इसके लिये स्व. डीएसनकारा का संघर्ष और योगदान अतुलनीय है। उक्त बातें डॉ.महेश चन्द्र शर्मा ने कही। दुर्ग भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ द्वारा संघ कार्यालय केशरी नन्दन हनुमान मंदिर मीनाक्षी नगर दुर्ग पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संघ की उच्च शिक्षा शाखा के संभागीय संयोजक प्रो.महेश चन्द्र शर्मा थे। उन्होंने कहा कि पेंशन के मौलिक अधिकार के लिये उन्हीं के द्वारा दायर याचिका पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 17 दिसंबर 1982 को निर्णय लिया गया था। उक्त फैसले में स्पष्ट उल्लेख है कि पेंशन न कोई कृपा है, न अहसान और ना ही दान, अपितु अतीत में की गई सेवाओं का भुगतान है। समाज और शासन इस लिये पेंशनर्स के स्वाभिमान और अधिकारों का सम्मान भी करते हैं।

आचार्य डॉ.शर्मा ने कहा कि यह दिन शासन और समाज को हमेशा याद दिलाता रहेगा कि पेंशनर्स के सम्मान और सुरक्षा का हमेशा ध्यान रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्राचार्य पीडी वैष्णव ने स्व. नकारा को याद किया और उनकी सराहना की।

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की दुर्ग सम्भागीय शाखा के महामंत्री पीआर साहू ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। वरिष्ठ नागरिकों ने मनोरंजक-ज्ञानवर्धक खेलों का भी आयोजन किया। पुरस्कार पाकर पेंशनर्स के चेहरे खिल उठे। मौके पर शीतल प्रसाद साहू,उत्तम कुमार टिकरिहा, घनश्याम देवांगन, अशोक कुमार कनेरिया आदि उपस्थित थे।

## सिटी बस सेवा दोबारा शुरू करने सीएम के नाम ज्ञापन



**भिलाई।** ग्रामीण कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष पी लक्ष्मी नरसिम्हा के नेतृत्व में राज्य शासन की बंद पड़ी परिवहन योजना सिटी बस को पुनः चालू करने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम भिलाई तीन को ज्ञापन सौंपा गया।

सेवादल प्रदेश महामंत्री राजेश गुप्ता एवं छाया महापौर रामपाल नाविक ने कहा कि 2000 के पूर्व राज्य सरकार द्वारा सिटी बस का संचालन संपूर्ण छत्तीसगढ़ में शुरु किया गया था। जिसे प्रदेश के आम जनता को आवाजाही में काफी सुविधा हो रही थी किराए भी कम था। जिससे प्रदेश की जनता को आर्थिक लाभ मिल रहा था किंतु करोना काल के बाद उस परिवहन योजना को पूर्ण रूप से बंद कर दिया। लक्ष्मी नरसिम्हा ने राज्य शासन से मांग की है कि सिटी बस परिवहन योजना पुनः चालू करें ताकि जनता को सस्ता आवा गमन का सुविधा मिले।

## शिव महापुराण कथा में शामिल होने डॉ. सिंह को किया आमंत्रित



**भिलाई।** शिव शक्ति सेवा समिति भिलाई ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर शिव महापुराण कथा में शामिल होने आमंत्रण दिया। यह आयोजन 8 से 14 फरवरी तक भिलाई में आयोजित है। इसमें पं. युवराज पांडे कथा वाचक होंगे। इस अवसर पर समिति के सलाहकार अशोक शर्मा, अध्यक्ष सौरभ जायसवाल, जितेन्द्र जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### कबड्डी चैम्पियनशीप में गोमती निषाद का चयन



**दुर्ग।** नगर कबड्डी संघ एवं जय शीतला युवा वृन्द की होनहार खिलाड़ी गोमती निषाद का चयन 51वीं जूनियर बालिका कबड्डी चैम्पियनशिप की छग टीम में चयन किया गया। यह प्रतियोगिता 28 दिसम्बर तक कोलकाता के दमदम शहर में आयोजित की जा रही है। संघ के अध्यक्ष रामदास यादव, उपाध्यक्ष राकेश यादव एवं सचिव भूपेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष राकेश गिलानी बताया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का यह परिणाम है।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति, मिला सम्मान



**भिलाई।** माइलस्टोन अकादमी में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम कक्षा छठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा जूनियर विंग कोहका में आयोजित किया गया। बच्चों आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुति दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुधीर शुक्ला चेयरमैन माइलस्टोन ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दी। वार्षिक उत्सव का विषय 30 ईयर्स ऑफ माइलस्टोन था जो सभी को माइलस्टोन की यात्रा को जीने, देखने और महसूस करने का अवसर प्रदान किया। वार्षिक उत्सव की पटकथा, गाने, नृत्य, प्रॉप आकर्षण का केन्द्र रहा। विद्यार्थियों की लगन अपने नृत्य प्रदर्शन को सबसे बेहतर करने की ललक और मिलकर पूरे वार्षिक उत्सव को सफल बनाने का प्रयास सराहनीय था। आयोजन के दिन बच्चों की रंग - बिरंगी वेशभूषा , मंच पर की गई लाइटिंग, साज - सज्जा दिल को लुभा लेने वाली थी। दर्शक दीर्घा में बैठे परिजन अपने-अपने बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे। शाला की डायरेक्टर डॉ. ममता शुक्ला और एकेडमिक डायरेक्टर शुभम शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों के साथ उनके पालकों व पूरे माइलस्टोन परिवार को शुभकामनाएं दी।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

# जागो ग्राहक जागो... अपने अधिकारों को समझो, व्यापारी यदि गलत करे तो तुरंत शिकायत करो, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जारी स्टेट प्लान ऑफ एक्शन में दिए गए निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उपभोक्ता अधिकारों, उपभोक्ता संरक्षण कानूनों तथा उपलब्ध विधिक उपायों के प्रति जागरूक करना रहा।





इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित विधिक जागरूकता शिविर, संवादात्मक व्याख्यान, परामर्श सत्र तथा सूचना सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं को यह जानकारी दी गई कि किसी वस्तु अथवा सेवा में दोष पाए जाने की स्थिति में वे किस प्रकार अपने अधिकारों का संरक्षण कर सकते हैं तथा उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के माध्यम से शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते हैं।

### उपभोक्ता सिर्फ खरीदार नहीं अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी भी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से यह भी संदेश दिया गया कि उपभोक्ता केवल खरीदार ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता से न केवल शोषण पर रोक लगाई जा सकती है, बल्कि पारदर्शी एवं उत्तरदायी बाजार व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा सकता है। इस संबंध में नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करें। उक्त कार्यक्रमों में पैरालीगल वालेंटियर्स, छात्र-छात्राएं तथा आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

## पेज 11 के शेष

### आनंदपुर की घटिया टंकी से ...

पंचायत व ग्रामीणो ने कई बार उसकी मरम्मत के लिए कहा पर सुधार नही हुआ। योजना के तहत बिछाया गया पाईप लाईन भी गुणवत्ताहीन है, जिससे पाईप जगह जगह फूट रहा है। पानी टंकी उपयोगी नही होने से पंचायत अपनी पुरानी व नई पाईप लाईन से घरो मे पानी पहुंचा रही है, लेकिन जल जीवन मिशन की पाईप लाईन के बार बार फूटने से पंचायत व ग्रामीण परेशान है।

### बालोद में कलेक्टर ने ...

मिश्रा गुरूर विकासखण्ड के धनेली, मोखा, हितेकसा एवं नारागांव धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन पड़ताल किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने सभी धान खरीदी केन्द्रों में अब तक खरीदे गए धान की कुल मात्र, धान खरीदी की कुल लक्ष्य ,धान खरीदी केन्द्रों में शामिल गांव की औसत उपज, रकबा समर्पण की स्थिति निगरानी समिति के सदस्यों के कार्य तथा धान खरीदी केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

**अधिकारी–कर्मचारियों को दिए सख्त निर्देश :** कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र कृषक निर्धारित रकबे के आधार पर धान की बिक्री करने से वंचित न रहे। इसके साथ ही किसी भी स्थिति में व्यापारियों, कोचियों आदि से धान की खरीदी न हो पाए। इसके लिए उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने रकबा समर्पण के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए किसानों द्वारा अपने धान की बिक्री के पश्चात उनके पास धान उपलब्ध नही होने पर उन्हें अनिवार्य रूप से रकबा समर्पण कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र मोखा के निरीक्षण के दौरान धान खरीदी के उपरांत स्टेक में रखे गए बारदानों का भी निरीक्षण किया।

### आमटी में संपन्न ...

आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, सुपरवाइजर तुलसी यादव, मितानिन कार्यकर्ता ललिता चौधरी, विद्या देशमुख, शशिकला चौधरी, कन्हैया चौधरी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्राम में बनाए गए पोलियो बूथों पर सुबह से ही अभिभावकों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली।

## खबर संक्षेप



### जोरातरई में दो दिवसीय मानस गान स्पर्धा का आयोजन

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम जोरातरई में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर 27 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन किया गया है, इस उपलक्ष्य में रात्रि मे सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुराग धारा कृत कविता वासनिक की प्रस्तुती का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर अतिथि के रुप मे पूर्व सांसद प्रतिनसिंह मंडावी, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत साहू, लोक गायिका हिमानी वासनिक, सूर्यकान्त ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

### नदी और डेम के किनारे स्वच्छता को बताया हर नागरिक का कर्तव्यः विरेद्र सिंह



**बालोद।** जिले के प्रमुख जलाशयों पर स्थित पर्यटक स्थलो पर पर्यटको व पिकनिक मनाने जाने वाले लोगो के द्वारा पिकनिक मनाने के बाद किए जाने वाले गंदगी को लेकर पर्यावरण प्रेमी विरेद्र सिंह ने लोगो को पिकनिक मनाने के बाद गंदगी नही करने की अपील की है। पर्यावरण प्रेमी विरेद्र सिंह ने आम जनता से कहा है कि गोदली डेम, तांदुला डेम के किनारे पिकनिक मनाने के बाद सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ जाते है, जो जल और जंगल को प्रदूषण कर रहे है, इसे एकत्रित कर घर के पास डस्टबिन में डालना चाहिए, डैम के किनारे स्वच्छ रखना जरूरी है, स्वच्छता से न केवल पर्यावरण की रक्षा होती है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है।

नदी के किनारे पर स्वच्छता रखना हमारा कर्तव्यः विरेद्र

नदी के किनारे स्वच्छता के लिए कुछ सुझाव विरेद्र सिंह ने दिए, उन्होने कहा नदी के किनारे कूड़ा न फेंके, इसके लिए कूड़ेदान का उपयोग करें। नदी के किनारे पेड़-पौधे लगाएं, जो नदी के पानी को स्वच्छ रखने में मदद करते हैं। नदी में कूड़ा न डालें, इससे नदी का पानी प्रदूषित होता है। नदी के किनारे स्वच्छता अभियान चलाएं, जिसमें स्थानीय लोग शामिल हों। नदी के किनारे स्वच्छता के नियमों का पालन करें। ऐसा करने से नदी का पानी स्वच्छ रहता है, जो पीने और अन्य उपयोग के लिए उपयुक्त होता है। नदी के किनारे स्वच्छता से सौंदर्य में वृद्धि होती है, जो पर्यटन को बढ़ावा देता है। नदी के किनारे स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है।

### रंजिश के चलते ठेका श्रमिक पर चलाया कटर

**भिलाई।** रंजिश के चलते युवक को कटर से वार कर मौके से फरार हो गए। शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि बीआरपी कालोनी स्टेशन मरौदा निवासी अजीत कुमार बीएसपी प्लांट में ठेका श्रमिक के रुप में काम करता है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री सुजान सिंह आ. आत्माराम जाति कंवर निवासी ग्राम आर-बीरा तह डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) ने विक्रेता सुखबती आ थनवार एवं लक्ष्मण सिंह रावटे पिता फतेलाल जाति हल्बा निवासी ग्राम डारागाँव तह डौंडीलोहारा जिला बालोद छत्तीसगढ़ के मालिकाना हक व स्वामित्व की भूमि स्वामी हक की कास्तकारी भूमि खसरा नं 289/10 रकबा 0.33 हे. ग्राम डारागाँव प ह नं 35 रा नि मं संबलपुर तह डौंडीलोहारा जिला बालोद छत्तीसगढ़ मे स्थित भूमि को मेरे पक्षकार ने पक्का सौदा कर ब्याना राशि दिया जा चुका हैं, जिसका मात्र पंजीयन शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध मे किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, सोसाइटी, बिल्डर्स, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा सो सूचना जाने।

दिनांक : 26-12-2025

**विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)**
**पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ**
**राजनांदगाँव ब्राह्मण पारा, गांधी चौक, राजनांदगाँव मो : 9424126898**

## आयोजन

ग्राम चुल्हापथरा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

# कलयुग में दुर्गुणों से बचने का सिर्फ कृष्ण नाम है आधार : पंडित देव







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर


कलयुग में हरि कीर्तन नाम ही जीवन का आधार है। हरि कीर्तन भजन से जीव का कल्याण हो जाता है, कलयुग में दुर्गुण बहुत है, कलयुग में इससे बचने के लिए सिर्फ कृष्ण का नाम ही आधार है, भगवान कृष्णा आज भी वृंदावन में निवास करते हैं। उक्त बातें ग्राम चुल्हापथरा में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यासपीठ से पंडित देव जी महाराज ने कहीं।

उन्होंने कहा यह दुनिया एक सपना है। सपना कभी सत्य नहीं होता, जीवन में सत्य सिर्फ कृष्ण है। उनका कीर्तन सत्य है उनका भजन सत्य है। कृष्ण की इच्छा से ही सब होता है। देव जी महाराज ने कहां की तक्षक नाग सिर्फ शरीर को ही काटता है, आत्मा को कोई कुछ नहीं कर सकता, क्योंकि आत्मा जन्म नहीं लेती हैं और ना ही उसकी मृत्यु होती है। पंडित देव जी महाराज ने परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाते हुए कहां की सुखदेव जी ने परीक्षित को जीवन रक्षा का नहीं बल्कि उससे मुक्ति का मार्ग बताया। परीक्षित को श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कराकर उन्हें आत्मबोध कराया एवं उसके मुक्ति का मार्ग खोला। भागवत कथा के दौरान पंडित गजेंद्र कृष्णा दुबे महाराज पारायण कर रहे हैं।

भागवत कथा का शनिवार को अंतिम दिवस है। शनिवार को प्रातः 11 बजे गीता सार, तुलसी वर्षा होगी एवं चढ़ात्री होगी। कपिला तर्पण होगा एवं सहस्त्रधारा होगा। अंत में हवन यज्ञ होगा। भागवत कथा का आयोजन ग्राम बागतराई निवासी रोमन लाल साहू एवं सोमालाल साहू द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में समस्त ग्राम वासियों का सहयोग है। प्रतिदिन दोपहर भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा में परीक्षित यजमान मोजीराम साहू एवं सोहद्रा साहू है।

### पं शर्मा ने बताया श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग का आध्यात्मिक महत्व





**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का कथा बताई गई। जिसमें प्रवचन कर्ता बल्ला प्रसाद शर्मा ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मिणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। शर्मा ने कहा कि कृष्ण और रुक्मणी विवाह केवल विवाह केवल एक वैवाहिक कथा नहीं है, बल्कि धर्म मर्यादा और आदर्श की स्थापना का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भगवान पर अटूट विश्वास होना चाहिए यदि अटूट विश्वास है तो भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते है, कथा में बताया गया कि रुक्मणी स्वयं साक्षात माता लक्ष्मी है और वह नारायण से ज्यादा दूर नहीं रह सकती।

## चुल्हापथरा में चार दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

चुल्हापथरा में मिनी स्टार क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वधान में 28 से 31 दिसंबर तक चार दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। अन्य आकर्षक पुरस्कार बेस्ट बालर, बेस्ट कैचर, बेस्ट ऑलराउंडर, बेस्ट विकेट कीपर के लिए किया गया है। 31 दिसंबर को रात्रिकालीन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक नृत्य संस्था रंग छत्तीसगढ़ ग्राम सुरगी का आयोजन किया गया है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिंहा होंगी। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम कन्हारपुरी तेज राम साहू, गोपाल राठी, मनीष जैन, सहायक सचिव कन्हारपुरी रेणुका गजपाल, उपसरपंच ग्राम कन्हारपुरी मानवेंद्र मांडवी, आईएल ठाकुर, गजाधर शाहू, प्रेमलाल शाहू, उत्तम शाहू, पंच टिकेश्वर साहू, हेमा भुआर्य, अनिता चिराम, संतोष कुंजाम, पंकज चिराम, खेमलाल साहू, यशवंत सिंहा होंगे।

■ समापन पर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य संस्था रंग छत्तीसगढ़ का रात्रिकालीन कार्यक्रम

### ये रहेंगे उपस्थित

आयोजन समिति अध्यक्ष रोशन लाल शाहू, उपाध्यक्ष दशरथ मंडावी, कप्तान चेतन कुमार, उपकप्तान लोकेंद्र कुमार साहू, सचिव गोपाल ठाकुर अन्य सदस्य दुष्यंत कुमार, दिव्यांश रावटे, दिलेश्वरी ओटी, गजेंद्र यादव, अनिल, नरेंद्र, भूपेश सिंहा, हितेंद्र चिराम, प्रदीप साहू, देवनारायण, जगताप यादव, चित्रकुमार, फ़लेश कुमार, नीतीश, शंकर, राहुल, हरीश, दिलेश्वर, खिलेश्वर, लक्की, योगेन्द्र, पूनमचंद, ताराचंद, भूषण, नानू, सेवंत, मोक्ष, टकेश्वर, भोजराम, ओंकार, मनीष, आशीष, भोला नेताम, शुभम, यमन, आदेश यादव, टुकेश्वर, वासु, धनेश्वर, आशीष, निखिल, कैलाश, तिलक, ईश्वर, कुलेश्वर, लोकेश्वर उपस्थित रहेंगे।

## गुरु घासीदास जयंती पर सतनाम की गूंज, समाज ने दी श्रद्धांजलि



**बालोद।** सत्य और अहिंसा के मार्गदर्शक, महान समाज सुधारक बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के अवसर पर हरतरफ सतनाम की गूंज सुनाई दे रही है। सतनामी समाज 18 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक जयंती समारोह मना रहा है। इसी कड़ी में बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर जिले के ग्राम चिचबोड़ और मुंडरा में आयोजित जयंती समारोहों में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने गुरु घासीदास बाबा की पूजा अर्चना कर बाबा का जयघोष किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के संदेश मनखे-मनखे एक समान का सिद्धांत आज के युग में और भी अधिक प्रासंगिक है। बाबा ने ऊंच-नीच और भेदभाव को मिटाकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उन्होंने युवाओं से अपील किया कि वे बाबा के बताए सत्य के मार्ग पर चलें और व्यसनों से दूर रहकर समाज निर्माण में योगदान दें। समारोह के दौरान स्थानीय पंथी दलों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तेजी से बढ़ती मांदर की थाप और कलाबाजों के हैरत अंगेज प्रदर्शन की सभी अतिथियों ने जमकर प्रशंसा की।

इस अवसर पर चिचबोड़ के कार्यक्रम में तेजराम साहू, भागवत साहू, कविता धुरव, राजकुमार साहू, रोहित देवांगन, बलराम पटेल, ढालसिंह साहू, रामजी साहू, सतनामी समाज के अध्यक्ष सुरेश गेंड्रे, कोमल भंडारी सहित समाज के प्रमुख पदाधिकारी तथा मुंडरा के कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति कांति सोनेश्वरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, योगेश्वर साहू, कुणाल कुर्रे, दिलेश्वर सोनेश्वरी, पंथी नृत्य दल के कलाकार और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## बालोद में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जन्मदिवस पर अटल उद्यान का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत ओरमा में सरपंच मंजूलता परस साहू के प्रयास से भारत रत्न छत्तीसगढ़ के निर्माता अभियान स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जहां पर अटल उद्यान ओरमा में प्रतिमा अनावरण हेतु भूमि पूजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर, मोना सेन के सानिध्य में यह भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत बालोद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया ने किया। विशेष अतिथि पूर्व जनपद सदस्य लाल यादव, पूर्व जनपद सदस्य प्यारेलाल केसरिया, पूर्व जनपद सदस्य सीता यशवंत साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मेंड़की, गुणवंत लाल श्रीवास्तव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नेम लाल साहू, भाजपा नेता दिलीप साहू, कमलेश साहू, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत ओरमा रुक्मणी साहू, ग्राम विकास समिति ओरमा अखिलेश्वर सोनकर, बलराम साहू, ग्राम पटेल ओरमा धनु लाल सोनकर, बूथ अध्यक्ष ओरमा लीलाधर साहू, इन सभी अतिथियों के सानिध्य में ग्राम पंचायत ओरमा कछार पारा में प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति अनावरण के लिए अटल उद्यान में भूमि पूजन किया गया। मुख्य अतिथि मोना सेन ने अटल बिहारी वाजपेयी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा उन्होंने अपने जीवन काल में राष्ट्रहित में काम किया है और छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए सबसे बड़े योगदान प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का है जिससे छोटा राज्य देकर हर गांव गांव तक राज्य व केंद्र सरकार की योजना घर तक पहुंच रहे हैं। आगे उन्होंने बताया कि बेटियों के लिए दो लाइन उनकी विकास के लिए ग्रामीणों को उद्बोधन में कहा, बेटी है तो दुनिया है इन्हें सफर का मौका दें, बेटी को खूब पढ़ना चाहिए और बेटी देश भविष्य हैं हर बेटियों के लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था सरकार ने किया है, कार्यक्रम के समापन बाद ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया जहां पर राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मोना सेन ने ग्राम पंचायत के बैठक व्यवस्था एवं कार्यों को देखकर मॉडल पंचायत बनाने को लेकर जो सहयोग लगेगा सहयोग देने की आश्वासन दिया गया।

■ सुशासन दिवस के रूप में मना पूर्व पीएम का जन्मदिवस

### अटल उद्यान का निर्माण की कार्य प्रगति पर

अटल उद्यान की स्थान पर दो परिवार का कब्जापूर्व कार्यकाल के समय विवाद की स्थिति थी जिसे सरपंच मंजूलता परस साहू के सरपंच बनने के बाद एक महीने में मामला सुलझा कर उन दोनों कब्जाधारी ने गांव के विकास के लिए पंचायत के साथ कंधा मिलाया और अवैध कब्जा छोड़ें जहां पर अटल उद्यान का निर्माण की कार्य प्रगति पर है। इस स्थान पर सरपंच ने स्वयं की राशि से पेड़ पौधे लगाए हैं और कब्जाधारी ने स्वयं ग्राम पंचायत को अपना पुराना लगा हुआ जाली एवं लोहे की एंगल जिसकी लागत हजार रुपया है ग्राम पंचायत को सुपुर्द कर दिए हैं, मोना सेन ने मंच पर अखिलेश्वर कुमार सोनकर का सम्मान किया जिसके कारण आज अटल उद्यान का निर्माण हो रहा है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के संचालन मेंड़की निवासी छात्र लक्ष्य कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में उप सरपंच बलराम यादव, सुदामा साहू, डोमार कुंभकार, चंचल साहू, विश्वाकांत भारद्वाज, रोशनी साहू, फ़ग्नि निषाद, सगुना साहू, संतोष साहू, शिव भजन यादव, पंचायत सचिव संतोष साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर अभिजीत श्रीवास्तव, नल ऑपरेटर कमलेश साहू नंदिनी सोनकर, भृत्त रामलाल साहू उपस्थित थे।

## कलंगपुर में मनी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

भारत रत्न छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर कलंगपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के द्वारा अटल जी की जयंती मनाई गई। जिसमें मंडल उपाध्यक्ष विकास जैन, मंडल कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार कुल्हाड़े, सुफल कुल्हाड़े, बूथ अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा, केशराम साहू, सचिव डिलेश्वर साहू, सुखचरण साहू, परमानंद सिन्हा, डिलेशवर साहू, धर्मेंद्र सिन्हा, चन्द्रशेखर साहू, दूजराम साहू, मोहित साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपाइयों की उपस्थिति रही।

## अचौद में एनएसएस जनजागरण शिविर का भव्य समापन

### विद्यार्थियों के सेवा कार्यों की सराहना में जुटे स्थानीय गणमान्य





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अचौद में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना जनजागरण विशेष शिविर के समापन हुआ। इस अवसर पर शिविरार्थियों को सम्मानित करने और प्रेरणा प्रदान करने के लिए मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर उपस्थित थी।

■ मुख्य अतिथि ने किया शिविरार्थियों का सम्मान

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती और राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर धूप दीप अगरबत्ती के माध्यम से प्रारंभ हुआ, स्वयं सेविका लीना एवं साथियों द्वारा गणपति वन्दना प्रस्तुत की, अतिथि स्वागत गीत डालेंद्री, लक्ष्य कुमारी एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। प्राची देशमुख एवं साथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना, गीतांजलि, मानसी, चंचल एवं साथियों द्वारा बस्तरिया गीत प्रस्तुत किए गए। अति विशिष्ट अतिथि उद्बोधन में अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर ने शिविरार्थियों के सेवा कार्य की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दिए, मुख्य अतिथि तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने राष्ट्रीय सेवा योजना की भावनाएं सहयोग, सामंजस्य, समर्पण के विचारों के साथ व्यक्तित्व और सर्वांगीण विकास हेतु स्वयं सेवक शिविरार्थियों को सम्मानित करते हुए आशीष दिए।

### सरपंच ने की विद्यार्थियों के विविध कार्यों की सराहना

अध्यक्षीय उद्बोधन क्रम में सरपंच आकाश चंद्राकर ने विद्यार्थियों के विविध कार्यों की सराहना किए। उद्बोधन में जनपद सदस्य रामेश्वर चंद्राकर, उपसरपंच पंकज साहू, खेमेश्वरी साहू, खण्ड श्रोत समन्वयक शिक्षा विभाग किशोर साहू, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्रभारी मोपेंद्र साहू, प्राचार्य डीएस महेरिया ने अपने विचारों से शिविरार्थियों को मार्गदर्शन दिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी केएस कुल्हारे ने आभार व्यक्त किया, सीनियर स्वयं सेवक त्रिलोक साहू, रोमलाल साहू, पंकज, रूद्र साहू, रोशन साहू, ग्रुप लिडर निखिल गुप्ता, रोशन निषाद, कौशल्या, गीतांजलि, डालेंद्री, डाली, अंजली, यशस्वी सहित सभी शिविरार्थियों, कार्यक्रम अधिकारियों संजय शुक्ला, व्याख्याता टीएल साहू, किरण देवांगन, ज्ञानप्रकाश साहू, कविता बंजारे का के सहयोग से सात दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न हुए। ग्राम पंचायत की ओर से शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल पहना कर सम्मानित किए गए।

### ये रहे उपस्थित

अतिविशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच आकाश चंद्राकर ने किया। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य गुण्डरदेही रामेश्वर चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, उपसरपंच पंकज साहू, अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति मोपेंद्र साहू, खण्ड श्रोत समन्वयक शिक्षा विभाग किशोर साहू, प्रधान पाठक लक्ष्मीकांत चंद्राकर, प्राचार्य डीएस महेरिया, दुलार सिंह ठाकुर, बिसाहू राम चंद्राकर, बुधार राम साहू, सदस्य शाला प्रबंधन समिति खेमेश्वरी साहू, कविता बंजारे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## माता भगवती की जन्म शताब्दी पर ग्राम मोखा में हुआ 5 कुंडीय गायत्री यज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गायत्री प्रज्ञा पीठ मोखा में गायत्री माता के प्राण प्रतिष्ठा के 21 वर्ष पूर्ण होने एवं माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी, अखंड दीपक प्राकट्य के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ।

जिसमें 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के 5 मुख्य यजमान में एस कुमार सिन्हा-चंद्रिका सिन्हा, देवदत्त काटेंद्र-परमेश्वरी काटेंद्र, रामचरण सिन्हा-शकुंतला सिन्हा, कुंजलाल सिन्हा-सरोज बाई सिन्हा, मुकेश मरकाम-नवीन मरकाम थे। इस शुभ अवसर पर 4 दीक्षा संस्कार रामस्वरूप सिन्हा, शिव कुमारी सिन्हा, एस कुमार सिन्हा, चंद्रिका सिन्हा, 2 मुंडन संस्कार तारुष कुमार सिन्हा, नव्या सिन्हा का तथा 1 पुंसवन संस्कार रोमीन सिन्हा का किया गया। सभी संस्कार निःशुल्क किया गया।

कार्यक्रम के यज्ञाचार्य तोताराम की टोली द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक बीएस अठनागर, प्रज्ञा पीठ आचार्य चंद्र प्रकाश जंजीर, कुशल यादव, मानिकचंद गजेंद्र, रामस्वरूप सिन्हा, खेमूराम कलिहारी, हितेश कुमार सिन्हा, योगेश्वर महेंद्र, रामचरण पटेल, लोमहर्षण कटेन्द्र, सागर सिन्हा गायत्री प्रज्ञा पीठ के समस्त परिजन एवं ग्रामवासी सभी की उपस्थिति रही।

**सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल**
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
**डॉ. विजय रावत**
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
◆ State of the art NICU including care for Preterm, Term
◆ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
◆ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
◆ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
◆ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### ओड़ारसकरी में मड़ाई महोत्सव का आयोजन आज

**अंडा।** ग्राम ओड़ारसकरी में परंपरागत आज मंडाई महोत्सव का आयोजन 27 दिसंबर को किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण रहेगा और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल होंगे। मंडाई महोत्सव को लेकर ग्रामवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर तुलसी माला नाच पार्टी, कचांदुर (गुंडरदेही) द्वारा पारंपरिक लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। 28 दिसंबर को रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में आसपास के गांवों की टीमें भाग लेंगी। इस संबंध में ग्राम पंचायत ओड़ारसकरी के सरपंच अनिल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडाई ग्राम की पुरानी परंपरा है, जिसे हर वर्ष श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से मंडाई में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### धनोरा में दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन

**गुरूर।** मानस प्रचार समिति एवं समस्त ग्रामवासी धनोरा के तत्वावधान में 28 से 30 दिसम्बर तक दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन आयोजित किया गया है। 28 दिसम्बर को मानस सम्मेलन का शुभारंभ गुरुर जनपद अध्यक्ष सुनिता साहू के मुख्य आतिथ्य मे होगा। अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू करेंगे। जिला पंचायत सभापति चंद्रिरका गंजीर, जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, जनपद सदस्य तानसिह देहारी, जनपद सभापति लता साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष डाकेश साहू, सरपंच सुमन साहू, उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ ललिता साहू, मीना साहू, ग्राम प्रधान मोहन कलिहारी, तामेश्वरी साहू, केशव साहू के आतिथ्य मे होगा। 30 दिसम्बर को समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा होगी, अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लांक कांग्रेस तामेश्वर साहू करेगे। सरपंच सुमन साहू, विधायक प्रतिनिधि डां. किशोर साहू, सरपंच डांडेसरा टोमन साहू, अध्यक्ष युवा कांग्रेस शैलेष ठाकुर, बुथ अध्यक्ष दाऊलाल गंजीर, अलीराम बढई, रांबिन, प्रकाश गंजीर, अनिल सिन्हा, रुपराम गंजीर, प्रदुमन गंजीर, भैय्या राम गंजीर के आतिथ्य मे पुरुस्कार वितरण होगा।

### पेरपार में युवा स्टार समिति का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**गुरूर।** स्वामी विवेकानंद युवा स्टार समिति पेरपार द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 27 दिसंबर को किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू होगी। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत पेरपार मिथलेश साहू करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू होंगे। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर हेमंत साहू, सेवा निवृत्त शिक्षक तामेश्वर साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत पेरपार देवरामपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पेरपार संजुलता हीरा सिंह राजपूत, सेवा निवृत्त सैनिक लेखराम मंडावी, उपाध्यक्ष साहू संघ गुरूर दुष्यंत कुमार साहू, ग्राम पटेल गरीबा राम साहू, शिक्षक कृष्णा कुमार गेडाम, उमेंद राम साहू, चिंता राम पटेल, हुकुमचंद पटेल, रूप राम पटेल, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पेरपार त्रिभुवन लाल साहू, सचिव त्रिलोक पटेल, सचिव योगेश साहू, संजय राजपूत, खेमिन चंदेल, कोमिन गेडाम, लोकेश साहू, देवराज राजपूत, संतु पटेल, तरूण यादव, सूरज पाटिल, भास्कर मंडावी, महेन्द्र विश्वकर्मा एवं ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में

तुरंत आराम के लिए

बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय

पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810

यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता

खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

**आयोजन : अखिल भारतीय हलबा समाज ने पारंपरिक रूप से किया आयोजन**

# मंगचुवा में श्रद्धा व उल्लास के साथ मना शक्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र के ग्राम मंगचुवा में अखिल भारतीय हलबा समाज द्वारा 26 दिसंबर को शक्ति दिवस का पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम में सुबह से ही उत्सव का माहौल देखने को मिला। समाजजनों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

शक्ति दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम की महिलाओं एवं युवतियों द्वारा सुसज्जित कलश धारण कर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर गली-गली भ्रमण करती हुई निकली, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा, अनुशासन और सामाजिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली। शोभायात्रा के दौरान पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय एवं सांस्कृतिक रंग में रंगा रहा।

**निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा**



### पारंपरिक जस गीतों ने सभी का मन मोहा

गली भ्रमण के दौरान अघनु राम राणा एवं देवगन सहारे द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक जस गीतों ने सभी का मन मोह लिया। उनके मधुर गायन एवं ढोलक-नगाड़ों की थाप पर ग्रामीण झूमते नजर आए। जस गीतों के माध्यम से शक्ति की आराधना और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ग्राम के सभी स्वजातीय गण, बुजुर्ग, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से समाज की परंपरा, संस्कृति एवं आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। आयोजकों ने कहा कि शक्ति दिवस जैसे पर्व समाज को एकजुट करने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर समाजजनों द्वारा एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं और ग्राम में सुख-समृद्धि की कामना की गई। शक्ति दिवस का यह आयोजन ग्राम मंगचुवा में लंबे समय तक यादगार बना रहेगा।



### अखिल भारतीय हल्बा हल्बी समाज ने मनाया आदि शक्ति दिवस

**गुरूर।** अखिल भारतीय हल्बा हल्बी समाज बगदई द्वारा आदि शक्ति दिवस का आयोजन किया गयाा। जिसमे विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद टोमन लाल साहू व जिला पंचायत सभापति चद्रिरका गंजीर थी। अध्यक्षता जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय संजय साहू ने किया। अतिविशिष्ट अतिथि सदस्य जनपद पंचायत गुरूर लता लक्ष्मीचंद साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बगदई सुनीता सेवेन्द्र, पुर्व प्राचार्य कांति पौशार्य थी।

विशेष अतिथि हल्बा समाज ब्लाक अध्यक्ष मनोहर किशोर, हल्बा जिला कार्यकारिणी अली राम बढ़ाई, ग्राम साहू समाज अध्यक्ष गौकरण कलिहारी, ग्राम बोड़वाना समाज अध्यक्ष ईश्वर लाल सूर्यवंशी, चुम्मन लाल यादव, शिव कुमारी कामेड़ी, सचिव ग्रामीण समाज तामेश्वर सिवना, अखिल भारतीय हल्बा हल्बी समाज सर्किल अध्यक्ष गोपी राम सिवना, सुखनंदन पौशार्य, बद्री रा, अखिल भारतीय हल्बा समाज सर्किल सचिव ईश्वर लाल नायक, जगत राम साहू, सेन समाज अध्यक्ष रोहित कुमार सेन, छन्नू राम भेड़िया, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बगदई पेमन किसाने, जानू राम गांवरे, लक्ष्मण कलिहारी, अनुपदास मानिकपुरी उपस्थित रहेंगे। समिति के अध्यक्ष रोमन सिंह चनापे, सचिव खुमान आर्य, कोशाध्यक्ष किशोरी ठाकुर व ग्रामीण उपस्थित थे।



### गैजी में मना शक्ति एकता दिवस

**डौंडीलोहारा।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम गैजी में आदिवासी हल्बा समाज द्वारा शक्ति एकता दिवस परंपरागत श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के संदेश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक भवन में माँ दंतेशवरी की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों एवं महिला-पुरुषों ने भाग लिया।

पूजा उपरांत सामाजिक अध्यक्ष हुमन भुआर्य द्वारा समाज का ध्वज फहराया गया, जिसके पश्चात सामाजिक भवन से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मुख्य गली से होती हुई माँ शीतला मंदिर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, लट्टी बाबा, डोंगरी वाले बाबा के दर्शन करते हुए मुख्य मार्ग से लगे ऊपर पारा होकर पुनः मंच स्थल पर पहुँची। यात्रा के दौरान पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-मांदर और जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आँगा देव के रूप में आत्मा राम रावटे एवं डोमन प्रधान की पारंपरिक वेशभूषा रही, जिसे देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समाजजन उपस्थित रहे। उनकी प्रस्तुति ने लोगों को आदिवासी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य किया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठ सदस्य, महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। वक्ताओं ने शक्ति एकता दिवस को समाज में आपसी भाईचारे, संगठन और सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करने वाला पर्व बताया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

■ कलश यात्रा और पारंपरिक प्रस्तुतियों से गूंजा गांव

# पसौद में भाजपाइयों ने श्रद्धा से मनाई अटल बिहारी वाजपेयी जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती ग्राम देवरीबंगला, पसौद में देवांगन भवन में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अटल जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर जनपद सभापति दुलारी बाई देवांगन ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी (1924–2018) एक महान भारतीय राजनेता होने के साथ-साथ कवि एवं पत्रकार भी थे। वे तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने और वर्ष 1999 से 2004 तक पूर्ण कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री रहे। वे भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं मार्गदर्शक रहे तथा राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है, जिसके लिए उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया।

भाजपा मंडल महामंत्री राधेश्याम देवांगन ने अटल जी की प्रखर वक्तृत्व शैली, दूरदर्शी सोच और सुशासन की नीति को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्रसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। उनके विचार आज भी देशवासियों को प्रेरणा देते हैं। ये रहे उपस्थित कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व सरपंच पोषण देवांगन, मुन्ना सिन्हा, सरपंच डोमेन्द्र मंडावी, उपसरपंच गोविंद ठाकुर, पंच अजय देवांगन, पितांबर साहू, नारायण देवांगन, बली ठाकुर, राजिम साहू, जीतू ठाकुर, राजकुमारी साहू, प्रदीप साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने अटल जी के आदर्शों पर चलने और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

### अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर रेंगाडबरी में तैल चित्र पर की गई पूजा-अर्चना

**डौंडीलोहारा।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न परम श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी पंचायत में श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अटल जी के तैल चित्र एवं प्रतिमा का विधिवत पूजा-अर्चना कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों को समर्पित रहा। अटल जी ने अपने विचारों, कार्यों और दूरदर्शी नेतृत्व से देश को एक नई दिशा दी, जिसे देश सदैव स्मरण करता रहेगा। इस अवसर पर भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता निरंजन पडौती, जयेश जैन, संतोष गुप्ता, प्रियादीन साहू, दमेन्द्र निषाद, उपसरपंच पवन यादव, रेखा गुप्ता सहित अन्य महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने अटल जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा राष्ट्रहित में उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक एवं गणमान्यजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति से

# डौंडीलोहारा में श्रद्धा व राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी मंडल डौंडीलोहारा द्वारा वीर बाल दिवस श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम सिख इतिहास के अमर बलिदानी वीर साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के अद्वितीय त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए आयोजित किया गया।

■ भाजपा मंडल ने वीर साहिबजादों के बलिदान को किया नमन

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला के पूर्व महामंत्री देवेंद्र जायसवाल ने दोनों वीर बालकों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि मात्र 7 वर्ष और 9 वर्ष की अल्पायु में साहिबजादों ने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका यह बलिदान भारतीय इतिहास में अद्वितीय है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके त्याग से प्रेरणा लेकर राष्ट्र, धर्म और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होरीलाल रावाटे ने साहिबजादों की वीरता को नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान साहस, दृढ़ता और अटूट आस्था का प्रतीक है। ऐसे महान बलिदानों को स्मरण कर ही समाज में देशभक्ति और नैतिक मूल्यों को मजबूत किया जा सकता है।





### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री दुष्यंत गिरी गोस्वामी, भाजपा नेता जसराज शर्मा, वरिष्ठ सदस्य धीरेंद्र टाक, मीडिया प्रभारी प्रीतम साहू, दिलीप बाफना, घुरऊ राम देवांगन, धीरज जैन सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को शत-शत नमन किया।

### मुढ़िया में मना शहीद गैन्दसिंह नायक का शहादत दिवस



**बालोद।** ग्राम मुढ़िया में शहीद शिरोमणि गैन्दसिंह नायक का शहादत दिवस अखिल भारतीय हल्बा हलबी आदिवासी समाज द्वारा कलश निकालकर बाजे गाजे के साथ गांव में भ्रमण किया गया। जहां मां दंतेश्वरी की आरती एवं ध्वजारोहण किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मुढ़िया हरेश कुमार कौशिक थे। अध्यक्षता ग्राम प्रबंधक, आदिवासी समाज मुढ़िया नरोत्तम सिंह रावटे ने किया। विशेष अतिथि सदस्य न्याय समिति अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज छग केन्द्रीय महासभा एवं संपादक बिहाव मड़वा ईश्वर लाल भुआर्य, सदस्य जनपद पंचायत डौण्डी लोहारा भूपेश नायक, ग्राम पटेल मुढ़िया भंगी राम भुआर्य एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं रात्रि में पद्मश्री डोमर सिंह कुंवर कृत नाचा पार्टी मयारू मोर लाटाबोड़ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जानकारी शिव कुमार सिन्हा के द्वारा

### विनायकपुर में मना वीर बाल दिवस



**अंडा।** शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला विनायकपुर दुर्ग में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मालती साहू जी ने गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की शहादत को याद करते हुए उनके जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्रों ने गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन पर आधारित चित्रकला, निबंध, कहानी और भाषण प्रस्तुत किए। छात्रों ने गुरु गोबिंद सिंह जी के आदर्शों और शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शाला के शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और छात्रों को गुरु गोबिंद सिंह जी के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर शिक्षक ममता तिवारी, रामेश्वरी रायते,प्रेमलता योगी, गुलशन चंद्राकर,रितु साहू एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों में वीरता साहस और देशभक्ति की भावना जगाने का प्रयास किया गया।

# आमटी पंचायत ने लिया बाल विवाह मुक्त भारत निमार्ण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत आमटी के आंगनबाड़ी केंद्र में बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों ने ग्राम को बाल विवाह मुक्त बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने की शपथ ली।

इस अवसर पर वक्ताओं ने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि बाल विवाह न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि समाज के समग्र विकास में भी बाधा बनता है। सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि ग्राम पंचायत आमटी को बाल विवाह मुक्त बनाकर एक जागरूक और विकसित ग्राम के रूप में स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाना एवं बच्चों के सुरक्षित, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में ठोस कदम उठाना रहा।



**ये हुए शामिल:** शपथ कार्यक्रम में ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, उपसरपंच डॉ. तुला राम साहू, रोजगार सहायक देवकुमार साहू, पंच पंकज पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चैलेन्द्र चौधरी, मोहन सगरवंशी, तिलेश्वरी निषाद, कोटवार जसवंत वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशिकला चौधरी, कन्हैया लाल, रामहीन पटेल एवं अन्य ग्रामवासी शामिल हुए।

### चिट्टा तस्करी करने वाले तीन पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** चिट्टा तस्करी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मोहन नगर थाना क्षेत्र से खुर्सीपार निवासी .धनश्याम कौशिक ,रोशन साव,वैशाली नगर कैम्प 1 एमडी सरफराज खान को चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया है।

